जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

देश के लिए.....अव्यवस्था के खिलाफ......

जवाब दो!!!सरकार...

www.jawabdosarkar.com

अंक –2018/10/30/JPR/02 E-Newsletter, Issued in Public Interest मंगलवार, 30 अक्तबर 2018

देश के विकास में बाधक कौन???

भ्रष्ट नेता??

रिश्वतखोर अधिकारी??

बिका हुआ पत्रकार??

लालची ठेकेदार??

सफेदपोश माफिया??

जे.डी.ए. के जोन-7 में जसवंत नगर और रणजीत नगर को जोड़ने वाली मुख्य सड़क के आधे अधूरे निर्माण में घटिया सामग्री,अनियमितताओं के लिए दोषी कौन??

जे.डी.ए. ज़ोन-7 में स्थित रणजीत नगर के पास स्थित सड़क जिसे ठेकेदार रात के अँधेरे में जनाक्रोश के कारण अधूरा छोड़ कर भाग गया|

चुनावी बिसात पर सड़कों का निर्माण

जे.डी.ए. में वैसे तो भ्रष्टाचार सर्व-व्याप्त है ,परन्तु चुनावों के समय इसकी गति दोगुनी-चारगुनी हो जाती है। जे.डी.ए. के जोन-7 में बनने वाली सड़क इसी दास्ताँ को सुनाती नजर आती है,। पहले तो चुनावी मौसम में विधायक निधि कोष से इस ज़ोन में आने वाले वार्ड– 14 में जसवंत नगर और रणजीत नगर को जोड़ने वाली मुख्य सड़क का टेंडर पास करवाया गया। फिर उसे चुनाव की घोषणा के बाद बनवाने का कार्यक्रम तय हुआ। परन्तु चुनावी मौसम में ठेकेदार ने सभी नियम कायदे ताक पर रख कर अपनी और अपने अधिकारीयों की जैबे भरने का कार्यक्रम भी तय कर लिया। ठेकेदार द्वारा इस सड़क के निर्माण में भयंकर अनियमितताएं बरती गयी।

रात के अँधेरे में किया सड़क निर्माण

निविदा प्रपत्र के शेड्यूल “एच” के बिंदु संख्या 5 के तहत ठेकेदार सूर्यास्त के बाद और सूर्योदय से पहले किसी ऑथोरिटी इंजीनियर की अनुमति के बगैर कार्य नहीं करेगा|परन्तु इस सड़क का अधिकांश कार्य ठेकेदार द्वारा रात को ही किया गया|जिसका स्थानीय निवासियों द्वारा विरोध करने पर ठेकेदार ने सड़क नहीं बनाने की धमकी दी और सड़क के दुसरे छौर पर सड़क का निर्माण करवा कर वहां से चला गया।

कार्य स्थल पर बोर्ड लगाना आवश्यक

निविदा प्रपत्र की अन्य शर्तों के अनुसार ठेकेदार को निर्माण स्थल पर कार्य का बोर्ड लगवाना जरुरी है अन्यथा उस पर 5000 रूपये प्रतिदिन की शास्ति आरोपित हो सकती है|परन्तु इस निविदा के सम्बन्ध में सम्बंधित ठेकेदार ने इस शर्त की पालना नहीं की है|

ठेकेदार के पास खुद के संसाधन नहीं।

इस निविदा की अनुमानित लागत 48 लाख के आस -पास है परन्तु ठेकेदार के पास खुद के संसाधन नहीं है। ठेकेदार द्वारा अन्य कंस्ट्रक्शन कम्पनी की मशीनों द्वारा इस सड़क के अधिकांश हिस्से का निर्माण करवाया गया है।

दोषी कौन?

ऐसा नहीं है कि इस कार्य में होने वाली अनियमितताओं के लिए केवल ठेकेदार दोषी है,इस सड़क का सुपरविजन करने वाले अधिकारी भी समान रूप से दोषी है जो ठेकेदार की हर गलती को जैबे भरी होने के कारण नजरअंदाज कर देते है। देखते है शिकायत होने पर इस मामले में किसके खिलाफ कार्यवाही होती है।

सूचना के लिए आवेदन पेश

इस पुरे मामले को उजागर करने के लिए अधिशाषी अभियंता ज़ोन-7 के यहाँ सूचना के अधिकार के तहत आवेदन कर सूचनाएं मांगी गयी है। जिनके आने पर इस मामले में आगे की दिशा तय की जायेगी।